Helpline 1064 94135-02834

कार्यालय महानिदेशक भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो

(जनसम्पर्क प्रकोष्ठ)

प्रेस नोट

- **खैरथल–तिजारा में पुलिस थाना किशनगढ़बास का सहायक उपनिरीक्षक पुलिस एवं दलाल (प्राईवेट व्यक्ति) 30 हजार रुपये रिश्वत लेते रंगे हाथों गिरफ्तार**
- **आवास एवं अन्य ठिकानों की तलाशी जारी**

जयपुर, *17 जनवरी, बुधवार* / ए.सी.बी. मुख्यालय के निर्देश पर अलवर प्रथम इकाई द्वारा आज कार्यवाही करते हुये धारा सिंह गुर्जर सहायक उपनिरीक्षक पुलिस, पुलिस थाना किशनगढ़बास, जिला खैरथल–तिजारा एवं उसके दलाल लल्लूखान मेव (प्राईवेट व्यक्ति) को परिवादी से **30 हजार रुपये** रिश्वत राशि लेते रंगे हाथों गिरफ्तार किया है।

भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो के अतिरिक्त महानिदेशक श्री हेमन्त प्रियदर्शी (कार्यवाहक महानिदेशक) ने बताया कि ए.सी.बी. की अलवर प्रथम इकाई को परिवादी द्वारा शिकायत दी गई कि अज्ञात लोगों के विरूद्ध दर्ज भैंस चोरी के मुकदमें में गिरफ्तार करने की धमकी देकर आरोपी धारा सिंह गुर्जर सहायक उपनिरीक्षक पुलिस, पुलिस थाना किशनगढ़बास, जिला खैरथल–तिजारा द्वारा उसके दलाल लल्लूखान मेव (प्राईवेट व्यक्ति) के माध्यम से परिवादी को **30 हजार रुपये** रिश्वत राशि मांग कर परेशान किया जा रहा है।

जिस पर एसीबी, जयपुर के **उप महानिरीक्षक पुलिस श्री कालूराम रावत** के सुपरवीजन में एसीबी अलवर प्रथम इकाई के **अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री पीयूष दीक्षित** के नेतृत्व में शिकायत का सत्यापन किया जाकर आज **पुलिस निरीक्षक श्री प्रेमचंद** द्वारा मय टीम के ट्रेप कार्यवाही करते हुये धारा सिंह गुर्जर पुत्र श्री बिजेन्द्र सिंह निवासी बरई, पुलिस थाना खोह, तहसील व जिला डीग हाल सहायक उपनिरीक्षक पुलिस, पुलिस थाना किशनगढ़बास, जिला खैरथल–तिजारा एवं उसके दलाल लल्लूखान मेव पुत्र श्री चाँद खान निवासी खोहाबास, तहसील एवं थाना किशनगढ़बास, जिला खैरथल–तिजारा (प्राईवेट व्यक्ति) को परिवादी से **30 हजार रुपये** रिश्वत राशि लेते रंगे हाथों गिरफ्तार किया है।

एसीबी के उप महानिरीक्षक पुलिस श्री कालूराम रावत के निर्देशन में आरोपियों से पूछताछ जारी है। एसीबी द्वारा मामले में भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के अन्तर्गत प्रकरण दर्ज कर अग्रिम अनुसंधान किया जायेगा।

भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो के अतिरिक्त महानिदेशक श्री हेमन्त प्रियदर्शी (कार्यवाहक महानिदेशक) ने समस्त प्रदेशवासियों से अपील की है कि भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो की ***टोल–फ्री हैल्पलाईन नं.*** **1064** *एवं* ***Whatsapp हैल्पलाईन नं.*** **94135–02834** पर 24X7 सम्पर्क कर भ्रष्टाचार के विरूद्ध अभियान में अपना महत्वपूर्ण योगदान दें। **एसीबी आपके वैध कार्य को करवाने में पूरी मदद करेगी।**